राजस्थान विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का कल आगमन, छात्रसंघ कार्यालयों के उद्‌घाटन में भाग लेंगें।

जयपुर 29 अप्रैल/ राजस्थान विश्वविद्यालय में कल 30 अप्रैल को माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गरिमामय उपस्थिति में छात्रसंघ कार्यालयों से जुडे उद्‌घाटन समारोह आयोजित किये जाने प्रस्तावित हैं।

कुलसचिव श्रीमति नीलिमा तक्षक के अनुसार कल रविवार 30 अप्रैल को सायः 4.00 बजे मुख्यमंत्री का विश्वविद्यालय में शोध छात्रसंघ कार्यालय व पंचवर्षीय विधि महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय का उद्‌घाटन किया जाना प्रस्तावित है।

छात्रसंघ कार्यालय के उद्‌घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री का विश्वविद्यालय परिसर स्थित घूमर पंडाल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के विश्वविद्यालय में आगमन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत
राजस्थान विश्वविद्यालय